आइआइएम रांची के 253 बच्चों का कैंपस प्लेसमेंट

- पीजीडीएम के 186 व पीजीडीएचआरएम के 67 विद्यार्थी शामिल
- समर प्लेसमेंट में लगभग 106 कंपनियों ने हिस्सा लिया

लाइफ रिपोर्टर @ रांची

इस बार समर प्लेसमेंट में आइआइएम रांची के 253 विद्यार्थियों को देश की नामी-गिरामी कंपनियों से ऑफर मिले हैं. इनमें पीजीडीएम के 186 व पीजीडीएचआरएम के 67 विद्यार्थी शामिल हैं. समर प्लेसमेंट में लगभग 106 कंपनियों ने हिस्सा लिया. इन विद्यार्थियों को सेल्स एंड मार्केटिंग, फाइनेंस, ऑपरेशन एंड जेनरल मैनेजमेंट, आइटी एंड एनालिटिक्स व ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट से ऑफर मिले हैं.

पीजीडीएम बैच के विद्यार्थियों को 6.45 प्रतिशत बढ़ोतरी के साथ प्रतिमाह 1.71 लाख व पीजीडीएचआरएम बैच के विद्यार्थियों को 10.61 प्रतिशत बढ़ोतरी के साथ 1.65 लाख रुपये प्रतिमाह दिये जायेंगे. आइआइएम रांची के प्रति औद्योगिक घरानों का विश्वास बढ़ा है. पहली बार आइआइएम रांची के 60 से अधिक विद्यार्थियों का प्लेसमेंट हुआ है. अर्नेस्ट एंड यंग, फ्लिपकार्ट, गोल्डमैन, जेएसपीएल, टाइटन एंड अलट्राटेक जैसी कंपनियों ने रुचि दिखाते हुए आइआइएम के विद्यार्थियों का चयन समर प्लेसमेंट के जरिये किया है.

इन कंपनियों ने किया है चयन: एसीजी वर्ल्डवाइड, बर्जर पेंट, बीपीसीएल, कैपजेमिनी, कॉग्नीजेंट, क़मिंस, डेलोटाइट, इमामी, गूगल, एचपी, आइसीआइसीआइ बैंक, आइसीआइसीआइ लोंबार्ड, लार्सन एंड टूब्रो, आरबीएल बैंक, रॉबर्ट बोस, आरपीजी ग्रुप, सैमसंग आरएंडडी, सोनी पिक्चर्स, सूदरलैंड, टाटा स्टील, वैल्यूलैब्स, वेदांता, विप्रो कंज्यूमर केयर एंड यस बैंक, कॉरपोरेट फाइनेंस, सप्लाइ चेन मैनेजमेंट, क़ॉम्पेइंग मैनेजमेंट, ऑपरेशन एनालिटिक्स आदि शामिल हैं.

Prabhat khabar, 16.01.2019, Pg. 19